# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 1397 /12-1 , कोटबंगला दिनांक 18/11 /2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी०एम०जी०एस०वाई०, सिंचाई खण्ड,
उत्तरकाशी।

विषय :— **जनपद उत्तरकाशी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चिन्यालीसौड से कोटबागी मोटर मार्ग के कि०मी० 7 से 10 ग्राम कोट तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 0.262 हे० वन भूमि में NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि के मांग पत्र के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :— प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक—1257 / PO दिनांक 03.06.2022 एवं वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनि की रेती का पत्रांक—2430 / 1—14 दिनांक 09.06.2022 एवं आपका कार्यालय पत्रांक—1947 / पी०एम०जी०एस०वाई० / सिं०ख० / वनभूमि दिनांक 09.11.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के कम में अवगत कराना है कि ऐसे प्रकरण जिनमे 06.01.2017 से पूर्व सैद्धान्तिक स्वीकृति (Stage-I Approval) जारी की जा चुकी है परन्तु वर्तमान समय तक विधिवत स्वीकृति (Stage-II Approval) जारी नही हुई है, में NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि का मांग पत्र जारी कर प्रस्तावक विभाग से अतिरिक्त धनराशि वसूल करने के निर्देश प्राप्त हुए है।

जिसके कम में आपके कार्यालय के पत्र सं0—1947 / पी०एम०जी०एस०वाई० / सिं०ख० / वनभूमि दिनांक 09.11.2022 से NPV की संशोधित दरों के अनुसार संशोधित डिमाण्ड नोट प्रेषित करने हेतु इस कार्यालय से अनुरोध किया गया है।

अतः विषयगत मोटर मार्ग हेतु NPV की संशोधित दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा करने हेतु संशोधित डिमाण्ड नोट निम्नानुसार है :—

| प्रस्ताव संख्या | ईको क्लास | क्षेत्रफल (हे0 में) | Stage-I की तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरों के अनुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | औसत घनत्व | दर प्रति हे0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति हे0 | धनराशि (रू0 में) | |
| FP/UK/ROAD/8880/2015 | v | 0.262 | 17.03.2015 | 0.6 | 845000.00 | 221390.00 | 0.6 | 1292850.00 | 338726.70 | **117336.00** |

उपरोक्तानुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 117336.00 का **(Challan Generate)** कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि की चालान सहित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परियोजना हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही समय से की जा सके। इसके अतिरिक्त शासनादेश में उल्लेखित सभी शर्तो की अनुपालन आंख्या भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

D/man
टटवा आवश्यक कार्यवाही
23/11/2022
EXEng
21/11

भवदीय

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

पत्रांक 1397 /12-1 तददिनांकित।

प्रतिलिपि —

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून उक्त के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनि की रेती को उनके सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

*E:\RAM D.MAN\DraftMan raj\Letter\user agency.doc*